# सांप्रदायिक उन्माद भाजपा का सबसे खतरनाक राजनीतिक हथियार: दिग्विजय सिंह

## 'भाजपा धार्मिक उन्माद एवं नफरत फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ रही है'

**अजमेर, (कासं)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि सांप्रदायिक उन्माद भारतीय जनता पार्टी का सबसे खतरनाक राजनीतिक हथियार है। भारतीय जनता पार्टी धार्मिक उन्माद एवं नफरत फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ रही है।

राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह एक दिवसीय अजमेर प्रवास के दौरान पत्रकारों से औपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में वैमनस्यता बढ़ ती जा रही है, चारों ओर धार्मिक उन्माद एवं नफरत फैलाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बुलडोजर चलाना है तो महंगाई पर चलाओ, सामाजिक बुराई पर चलाओ बेरोजगारी पर चलाओ, राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश के विकास की बात नहीं करके धर्म राष्ट्रवाद एवं हिंदुत्व की बात कर देश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा यह जानती है कि बिना पत्थर उछाले कुर्सी नहीं मिलती इसलिए हथियार के रूप में कभी जज्बात को, तो कभी जान को हथियार बनाती है सांप्रदायिक उन्माद भाजपा का सबसे बड़ा खतरनाक राजनीतिक हथियार है।



दरगाह में जियारत करने जाते हुये पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह।

उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 10 से 15 करोड़ लोगों को सन 2014 से पहले गरीबी की रेखा से नीचे से निकाल लिया था परंतु मोदी सरकार की अकुशल प्रबंधन ने उन्हें वापस गरीबी की रेखा के नीचे धकेल दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कोविड आर्थिक पैकेज गरीब, मजदूर, किसान मध्यमन परिवारों एवं लघु उद्योगों को नहीं मिला है, अमीर अमीर बनता जा रहा है और गरीब और गरीब होता जा रहा है और यह खाई बढ़ ती जा रही है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अजमेर एक निजी समारोह में शामिल होने आये थे। इस दौरान महेंद्र सिंह रलावता, शिव कुमार बंसल, कुलदीप कपूर, फकरे मोइन, राजेंद्र नरचल, राजनारायण आसोपा, पार्षद कुशाल कोमल, नकुल खंडेलवाल, रोहित चौहान, सहित कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में मखमली चादर पेश कर जियारत की एवं देश एवं प्रदेश में अमन चैन शांति के दुआ मांगी।

# मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने घायल को कार से निकाल अस्पताल भेजा

## हाइवे पर कसुम्बी फांटे के पास ट्रक से टकराई थी कार



गुजरात से पंजाब जा रहे एनएचआई के क्वालिटी मैनेजर की कार ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।

**सुजानगढ़, (का.स)।** नेशनल हाईवे पर कसुम्बी फांटे के पास गुजरात से पंजाब जा रहे एनएचआई के क्वालिटी मैनेजर की कार ट्रक से टकरा गयी। हादसे में कार सवार पंजाब निवासी सरोज कुमार के चोटे आई।

हादसे के वक्त जोधपुर की तरफ जा रहे राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा ने घायल को कार से बाहर निकाला व हादसे की सूचना सुजानगढ थाना पुलिस को दी। घायल को हारे का सहारा टीम के श्याम सुन्दर स्वर्णकार, पवन निजी एम्बुलें से से राजकीय बगडिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सक डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. भावना चौधरी, मनोज वर्मा, पालीराम ने घायल का त्वरित उपचार किया। घायल सरोज कुमार पंजाब निवासी है जो गुजरात के जुनागढ में एनएचआई में कार्यरत है। घायल की स्थिती खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# नृसिंहदत्त दाधीच की फर्म को निगम ने किया तीन साल के लिए बाहर

■ किसी भी बोली में भाग लेने के लिए विवर्जित किया गया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर नगर निगम में शहर में स्थित समस्त होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई, पान, जिम, पार्लर, कैफे, कैन्टीन, चाट पकौड़ी, फास्ट फूड आदि की दुकानों के निरंतरण एवं नियमन विषयक उप विधियों के तहत लाईसेंस नवीनीकरण शुल्क वसूली के लिये खुली बोली जारी की गई थी। इसे जून 2021 को खोला गया था। यह बोली नृसिंहदत्त दाधीच पुत्र सुरेन्द्रदत्त शर्मा ने 43 लाख 53 हजार रूपये की सबसे बड़ी बोली लगाई थी। जिसे नगर निगम ने स्वीकृत कर लिया और 16 जुलाई 2021 को कार्य आदेश जारी किया गया लेकिन निविदा की शर्तो की अवहेलना पर दाधिच को लगातार निगम की ओर से नोटिस दिये गये लेकिन दाधिच की लापरवाहियां बढ ती गई।

नगर निगम के आयुक्त देवेन्द्र कुमार ने बताया कि राजस्थान लोक उपापन में पादर्शिता अधिनियम 2012 की धारा 11(ग) के अनुसार अंतिम तीन वर्ष के दौरान भारतीय या अन्य किसी भी देश में किसी भी संस्थान के साथ पूर्ववर्ती नियम भंग करने के संबंध में यदि कोई संस्था दोषी है तो इस नियम के प्रावधान के अनुसार तीन वर्ष से अधिक की कालावधि के लिये बोली लगाने से उस संस्था व व्यक्ति को वर्जित किया जा सकता है। इसी के तहत नृसिंहदत्त दाधीच की फर्म को तीन साल के लिये किसी भी बोली (बिड) में भाग लेने के लिये विवर्जित किया गया है।

## बच्ची की हत्या करने वाला ताऊ गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** आपसी विवाद में लठ्ठ से हमला कर दुधमुही भतीजी की हत्या करने वाला ताऊ को फलासिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 10 अप्रेल रात में करेल नाल फला निवासी सुखलाल पुत्र कुका कसोटा तथा उसके भाई बसुलाल कसोटा के बीच झगड़ा होने पर बीच बचाई में आई सुखलाल की पत्नी नानूड़ी की गोद में उसकी चार माह की दुधमुही बच्ची पुष्पा के चौट लगने पर मौत हो गई थी तथा उसकी मां नानूड़ी घायल हो गई थी। इस मामले में थानाधिकारी प्रभूलाल ने सूचना मिलने पर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप कर उसकी मां को उदयपुर चिकित्सालय में भर्ती करवाया था। इस मामले में सुखललाल ने प्रकरण दर्ज करवाया था। इस पर उसके भाई बसुलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भिजवाया। गत दिनों बसु की 12 वर्षीय मंदबुद्दी पुत्री को सुखलाल अपने परिवार के साथ ले गया था।

# विवाहिता ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या की

■ पति के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं.)।** विवाहिता ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इस पर मृतका के पति व उसके परिजनों के खिलाफ पुत्री को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने नाथावतों का गुड़ा थोरिया घाटी नाई निवासी गेबा पुत्र उमा गमेती की रिपोर्ट आरोपी उपली बड़ी फला छापरा निवासी धर्मा उर्फ धर्मराज पुत्र सोहन गमेती, उसकी सास गणेशी बाई, देवर विष्णु, व अन्य के खिलाफ पुत्री दुर्गा को परेशान करने से उसके द्वारा फांसी लगा आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करवया। पीड़ित ने बताया कि नाबालिग अवस्था में आरोपी धर्मा मेरी पुत्री को भगा ले गया तथा उसे पत्नी बना कर रखा। एक बच्ची पैदा होने के बाद से पति, सास, देवर ने पुत्री दुर्गा को मारपीट कर परेशान करना शुरू कर दिया। 13 अप्रेल को धर्मा ने मेरी पत्नी को फोन कर गाली गलोज की तथा पुत्री को ले जाने के लिए कहा।

इस पर दूसरे दिन उसके ससुराल गया तो उसकी सास गणेशी परिजनों ने भगा दिया। कुछ समय बाद मेरे पुत्र सुरेश ने बहन दुर्गा द्वारा मकान के पास स्थित जामुन के पेड़ पर फांसी लगाने की जानकारी दी। इस मामले में सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतका को निचे उतार पीहर पक्ष से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया था। मामले की जांच अम्बामाता थानाधिकारी सुनिल टेलर कर रहे है।

## नाबालिग स्टूडेंट से अश्लील हरकतें और छेड़छाड़

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र में नाबालिग को परेशान करने और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। आरोपी नाबालिग के स्कूल आते-जाते वक्त अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करते हैं। मामले में आरोपी भी स्कूल में ही पढ़ ने वाले नाबालिग बच्चे बताए जा रहे हैं। नाबालिग पीड़िता के पिता ने स्कूल के ही 3 छात्रों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। टिब्बी थानाधिकारी सुभाष कच्छावा ने बताया कि नाबालिग पीडिता के पिता ने थाने में आकर रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग बेटी गांव के स्कूल में पढ़ ती है। स्कूल जाते वक्त कुछ लड़के मेरी नाबालिग बेटी को परेशान करते हैं और अश्लील हरकतें करते हैं। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी लड़के पिछले 4-5 महीने से मेरी नाबालिग बेटी को परेशान कर रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाबालिग बालिका का अश्लील वीडियो बनाना मजदूर को पड़ा महंगा

■ पीड़िता के पिता ने मजदूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना में 11 वर्षीय नाबालिग बालिका का बाथरूम में नहाते हुए अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पड़ोस में काम करने वाले मजदूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की जांच आदर्श नगर थाना प्रभारी सुगन सिंह कर रहे हैं। रामगंज थाने के एएसआई नंदभंवर सिंह ने बताया कि चंदबरदाई नगर निवासी पीड़िता के पिता ने रामगंज थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उनके पड़ोस में मकान निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान वहां काम करने वाले कृष्णा नामक मजदूर ने 14 अप्रैल को उसकी 11 साल की बेटी जब बाथरूम में नहाने गई तो मजदूर कृष्णा ने बाथरूम की खिडकी से मोबाइल पर अश्लील वीडियो बनाने लगा, तभी पीड़िता की मजदूर कृष्णा पर नजर चली गई। पीड़िता चिल्लाई तो परिवार के लोग घर के बाहर पहुंचे और मजदूर कृष्णा को पकड़ लिया। परिवार वालों ने मजदूर कृष्णा के कब्जे से मोबाइल बरामद किया और उसके फोन से ऐसे अश्लील कई वीडियो थे। रामगंज पुलिस के अनुसार पीड़िता के पिता की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी मजदूर कृष्णा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच आदर्श नगर थाना अधिकारी सुगन सिंह को सौंपी गई है।

# मंत्रीजी के सपोर्टर बने एसएचओ !

■ गुढागौडजी एसएचओ संजय वर्मा का वीडियो वायरल

**झुंझुनूं/गुढागौडजी, (निसं)।** वर्दी में ही अब पुलिस अधिकारी मंत्रियों को खुश करने के लिए ना केवल जाति की बात कर रहे है बल्कि उन्हें सहयोग करने अपील भी कर रहे है। मामला झुंझुनूं के गुढागौडजी का है। गुढागौडजी कस्बे में अंबेडकर जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा थे। कार्यक्रम में गुढागौडजी एसएचओ संजय वर्मा भी मौजूद थे। जो एससी वर्ग से आते है। जब एसएचओ साहब के भाषण का वक्त आया तो उन्होंने सबकुछ ताक पर रख दिया और जो भाषण दिया उससे चाहे मंत्रीजी से खुश हो गए हो लेकिर पुलिस की वर्दी जरूर शर्मशार हो गई। जी, हां गुढ ागौडजी एसएचओ ने कहा कि मंत्री गुढा सभी समाज के लोग के प्रति, विशेषकर हमारे जो शिड्यूल कास्ट के लोग है उनके प्रति बडे दयालु है, उद्धार है। अपने समाज के लोग के प्रति जो भी किसी प्रकार के अत्याचार की घटना होती है। बात होती है। तो उस पर तुरंत एक्शन लेते है। तो आप सब माननीय मंत्री महोदय का भी सहयोग करें।



एसएचओ संजय वर्मा ने समारोह में मंत्री गुढ़ा के पक्ष में अपनी बात रखी।

## युवक ने फंदा लगाकर जान दी

**रामगंजमंडी, (निसं)।** कोटा जिले के सातलखेड़ी कस्बे में शुक्रवार को दिन के समय शिवनगर कॉलोनी में एक युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

पुलिस को सूचना मिलने पर सुकेत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर सुकेत मोर्चरी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार युवक राम गोपाल लुहार की पत्नी पिछले 10 महीनों से अपने पीहर में थी। युवक कई बार लेने गया लेकिन पत्नी नहीं आई। इसके चलते अवसाद में चल रहा था और शराब का आदी भी हो गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# खाजूवाला मार्ग पर निजी बसें वसूल रहीं मनमाना किराया

**बीकानेर, (कासं)।** जिला मुख्यालय से बेलगाम अवैध-निजी बसों के संचालन से रोडवेज को रोजाना लाखों रूपये का घाटा हो रहा है। वहीं जनता को भी मनमाने किराया देना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि इस समस्या से जिला व पुलिस प्रशासन सहित परिवहन विभाग अनभिज्ञ है। लेकिन पहल किसी भी ओर से नहीं हो रही है ओर जनता आये दिन निजी बसों की मनमानी का शिकार हो रही है।

खाजूवाला-श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ हनुमानगढ़ रूट पर निजी बसों का बोलबाला है। इस रूट पर प्रतिदिन 40 से अधिक प्राईवेट बसें चल रही है। वहीं रोडवेज बसों की संख्या इससे आधी ही है। इस रूट पर बिना परमिट की बसों का दबदबा है। खाजूवाला-बीकानेर सड़क मार्ग पर वर्तमान में 14 प्राईवेट बसें चल रही है। इनका संचालन सुबह 6 बजे से रात्रि 9:30 बजे प्रतिदिन होता है। ये प्राईवेट बसें वापस बीकानेर से खाजूवाला आती भी है। इन बसों में से अधिकतर बसें अवैध तरीके से चल रही है। इनमें से कई बसों के पास तो परमिट ही नहीं है और कुछ के पास है तो वह अन्यत्र का है। खाजूवाला-बीकानेर रूट पर चलने वाली इन बसों के पास परमिट पूगल, 682 व अन्य गांवों का होता है और ये बसें सवारियां भरकर पिछले कई सालों से बीकानेर पहुंच रही है। ये बसें बीकानेर से खाजूवाला धडल्ले से चल रही है। खाजूवाला-बीकानेर रूट पर रोड़वेज बसें होने के कारण सवारियों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। खाजूवाला-बीकानेर सडक पर रोड़वेज बस का साधारण किराया 115 रुपए है। जबकि रियायती किराया 80 रुपए तथा बच्चे के 60 रुपए है। जबकि प्राईवेट बस संचालक मनमर्जी के हिसाब से किराया वसूलते है।

# लावारिस महिला के पास एक लाख से ज्यादा राशि मिली

■ लावारिस हालत में पैट्रोल पंप पर सो रही थी महिला

**रामगंजमंडी, (निसं)।** रामगंजमंडी मारुति नगर स्थित राज पेट्रोल पंप पर गुरुवार रात को एक लावारिस महिला सो रही थी तभी पैट्रोल पंप कर्मी ने उससे पूछताछ की लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे रही थी। पैट्रोल पंप कर्मियों ने सोचा यह बीमार है इसलिए उन्होंने समाजसेवी व युवादल के सचिव राजकुमार पारख को इसके लिए सूचित किया। लिटिल भाई ने पुलिस को सूचित किया वहां से पुलिस पूछताछ के लिए थाने ले आई।

थाने पर उससे पूछताछ की गई लेकिन वह पुलिस को उल्टे सीधे जवाब दे रही थी अपना नाम कभी मुन्नी कभी प्रेम बाई बता रही थी उसके पास पीला थैला था। पुलिस ने उसके थैले को चेक किया तो उसके अंदर 2 हज़ार व 500 के नोट लगभग 1 लाख 9 हज़ार 8 सो रुपए मिले इस पर सभी अचंभित हो गए। उससे इस रकम के बारे में पूछा गया तो उसने रकम फल फ्रूट बेचकर कमाई बताया वहीं कई बार उससे घर के बारे में पूछा गया तब बड़ी मुश्किल से उसने झालावाड़ रहना बताया। इस पर पुलिस महिला को झालावाड़ लेकर गई यहां कुम्हार मोहल्ले में उसकी बेटी ने उसको पहचाना पुलिस ने महिला को उसकी बेटी के सुपुर्द किया और उससे प्राप्त रकम को भी परिजनों को सौंप दिया।

# आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** बच्चो की अश्लिल वीड़ियों वायरल करने वाले के खिलाफ बावल वाड़ा थाना पुलिस ने आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार नई दिल्ली स्थित एनसीआरबी की शिकायत पर बच्चो के आपत्तिजनक वीड़ियों को वायरल करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश पर बावलवाड़ा थानाधिकारी हेमन्त अहारी ने अश्लील वीड़ियों वायरल करने वाले फूटाला भाणदा निवासी संजय डांगी के रूप में पुष्टि होने पर मामला दर्ज किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** ऋषभदेव हाईवे पर पुना से आ रही निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षेत्र विश्वास जैन ढाबा के सामने निजी बस से बाइक को चपेट मे ले लिया। हादसे में पादेड़ी निवासी मोहन (42) पुत्र गोतम मीणा की मौत हो गई। मोहन बाहर हिरा घिसाई का काम करता था। कोरोना के बाद गांव लौटने पर वह गांव के आस पास कारोबार लगाने के लिए मौका देखने बाइक पर जा रहा था।

इस दौरान दूसरी बाइक पर उसका छोटा भाई ईश्वरलाल भी था। 14 अप्रेल को हाइवे पर जाते समय महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के लोगों को पूना से लेकर शहर आ रही बस ने उसे चपेट में ले लिया था। हादसे को देख चालक बस छोड़ भाग था। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई श्यामलाल ने मौके पर पहुंच कर घायल मोहन को रैफर करने पर उदयपुर के लिए रवाना किया। जहां बीच रास्ते उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर पहुचे। जहां पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।

# पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय नहीं

## यात्रा करने वाली महिलाएं और स्कूल-कॉलेज की स्टूडेंट्स परेशान, जनप्रतिनिधियों का नहीं कोई ध्यान

■ आसपास की 11 पंचायतो के करीब 38 गांवों का एक मात्र बस स्टैण्ड है

■ बस स्टैंड पर शौचालय बनने का मुद्दा कई बार उठा चुका है

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय नहीं होने से उनको परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा। लेकिन इस समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया है।

जहां राज्य सरकार स्वच्छता के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओ के लिए शौचालय तक नहीं है। पल्लू के आसपास की 11 पंचायतो के करीब 38 गांवों का एक मात्र बाजार ही नहीं बल्कि हनुमानगढ़ -किशनगढ़ मेगा हाई-वे पर होने की वजह से यहा से जयपुर, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, नोहर, हनुमानगढ़ , सूरतगढ़ के लिए सैंकड़ो यात्रियों को आना-जाना पड़ता है। इसके वाबजूद यहां महिलाओं के शौचालय नहीं है।

सरदारशहर, अर्जुनसर और रावतसर से चलने वाली बसें सबसे ज्यादा समय के लिए पल्लू ही रुकती हैं। बड़ी संख्या में यहां सवारियां चाय-पानी के लिए उतरती हैं। लेकिन यहां महिलाओं के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पल्लू में कई स्कूल और सात कॉलेज हैं। इनमें पढ़ ने वाली स्टूडेंट्स आसपास के गांवों से आती है।बसों के इंतजार में यहां लड़किया कई देर तक खड़ी रहती हैं। ऐसे में यहां महिला शोचालय नहीं होने से उनको भी परेशानी हो रही है। पल्लू बस स्टैंड पर महिला शौचालय नहीं होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि पूरी तरह से लापरवाह नजर आते हैं। आज तक इस दिशा में जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए।

पल्लू से दो-दो महिला प्रधान रेशमा रतिराम खालिया निवर्तमान, सरस्वती धर्मपाल सिहाग वर्तमान प्रधान और सुनीता देवकीनन्दन जोशी महिला सरपंच होने के बावजूद भी पल्लू बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय की समस्या का समाधान नहीं कर पाई है। महिलाओं को शौचालय के लिए कम से कम दस मिनट तक भटकने के बाद भी स्टैंड पर शौचालय दिखाई नहीं देता है तो उनको मजबूर होकर लोक-लाज और शर्म को छोड़कर खुले में बैठना पड़ता है जो बहुत ही शर्मनाक है। यहां ब्रहमाणी माता के दर्शन करने के लिए अक्सर बड़े नेता, अधिकारी और मंत्रियों का आनाजाना होता है फिर भी या तो कोई ध्यान देता नहीं या फिर ध्यान देना नहीं चाहता।

स्थानीय निवासी विनोद गोस्वामी बताते हैं कि पल्लू में बस स्टैंड पर शौचालय बनने का मुद्दा कई बार उठा है। लेकिन जब भी इस पर चर्चा होती है तो मामला ग्राम पंचायत और मंदिर कमेटी के बीच उलझ जाता है। क्योंकि बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत की जगह नहीं है और जो सड़क के दोनों तरफ खाली जगह है वो माता की खेड़ी की है। यदि मंदिर प्रन्यास उस जगह में से शौचालय के लिए जगह देता है तो महिलाओं की समस्या के समाधान के लिए शौचालय का निर्माण करवाया जा सकता है। पल्लू में मां ब्राह्मणी का मंदिर होने के कारण हर साल हजारों श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने आते हैं। जिनमें महिलाएं भी शामिल होती हैं। उनको बस स्टैंड से लेकर माता रानी के मंदिर तक कहीं भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है जिससे उनको या तो गांव में किसी के घर जाकर शौचालय का उपयोग करना पड़ता है या फिर मजबूर होकर खुले में बैठना पड़ता है।

ग्राम पंचायत द्वारा बनाया गया एक मात्र सुलभ काम्पलेक्सव बस स्टैंड और मंदिर से बहुत दूर होने के कारण वहां तक आने-जाने में कम से कम 20 मिनट का समय लगता है और वहां भी ब्राह्मणी माता मेले के अलावा हमेशा ताला लगा रहता है जिससे महिलाएं भी इस सुलभ काम्लेक्स सका उपयोग नहीं कर सकती। ड्राइवरों ने मिलकर चंदा करके एक मोटा तिरपाल और पोल लगाकर महिलाओं के लिए काम चलाऊ शौचालय बनाकर दिया है। बस स्टैंड के पास ही टैक्सी स्टैंड है जहां दर्जनों टैक्सी ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर खड़े रहते हैं।

गाड़ी ड्राइवर कालूराम ढुकिया ने बताया की जब बस से उतर कर कोई महिला शौचालय के लिए इधर-उधर जाती है और उसको कहीं भी शौचालय दिखाई नहीं देता है तो वो मज़बूरी में खुले में बैठती है जो बहुत ही शर्म की बात है। हमने इसके लिए पंचायत में भी कई बार कहा पर कोई समाधान नहीं हुआ ऐसे में हम सभी ड्राइवरों ने मिलकर चंदा करके एक मोटा तिरपाल और पोल लगाकर महिलाओं के लिए काम चलाऊ शौचालय बनाकर दिया और हम सभी काम चलाऊ शौचालय का ध्यान और रख-रखाव रखते है ताकि कोई शरारती तत्व या जानवर उसके पोल को तोड़ ना दे। पल्लू ग्राम पंचायत की सरपंच सुनीता देवकी नंदन जोशी ने बताया कि ग्राम पंचायत में बजट है। अभी स्टैंड के पास जो मंदिर की जगह है उस पर हाईकोर्ट से स्थगन आदेश आए हुए हैं यदि कोई दानदाता स्टैंड पर जगह देता है तो पंचायत शौचालय बनाने के लिए तैयार है।

नथमल डिडेल, जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ का कहना है कि जिले के कई पर्यटन स्थल हैं, जिनमें 2 करोड़ रुपए जन सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। इसमें पल्लू भी शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसी जगह चिन्हित की जाएगी जिससे बस स्टैंड और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं दोनों को फायदा मिल सकेगा। फिलहाल अस्थाई शौचालय का संचालन हो सके इसकी व्यवस्था की जाएगी।